



# मुक्तिधाम तक पहुंचना बना चुनौती,अंतिम संस्कार में उठानी पड़ी परेशानी

**खास बातें**

- नाग पिपरिया में बदहाल मार्ग से ग्रामीणों में नाराजगी
- पक्की सड़क और सुविधाओं की मांग

नवभारत न्यूज

**विदिशा 31 मई, शहर से करीब विदिशा-अशोकनगर मार्ग पर स्थित ग्राम पंचायत ढोलखेड़ी के अंतर्गत आने वाले ग्राम नाग पिपरिया में मुक्तिधाम तक पहुंचने वाला मार्ग ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है.**

गौरतलब है कि इसी पंचायत में विधायक मुकेश टंडन और सांसद शिवराजसिंह चौहान भी कृषि करते हैं.रविवार को गांव के प्रतिष्ठित किसान मनोहर लाल तिवारी के निधन के बाद अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे परिजनों एवं ग्रामीणों को मुक्तिधाम तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा.ग्रामीणों के अनुसार शनिवार-रविवार की दरमियानी रात आई तेज आंधी, तूफान और बारिश के कारण मुक्तिधाम तक जाने वाला कच्चा रास्ता पूरी तरह कीचड़युक्त और उबड़-खाबड़ हो गया. अंतिम यात्रा में शामिल लोगों को कई स्थानों पर पैदल चलकर और सावधानीपूर्वक रास्ता पार करते हुए मुक्तिधाम तक पहुंचना पड़ा.ग्रामीणों का कहना है कि जिला मुख्यालय के निकट स्थित गांव में यदि मुक्तिधाम तक पहुंचने के लिए समुचित मार्ग उपलब्ध नहीं है, तो दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति का सहज अनुमान लगाया जा सकता है।बरसात के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है, जिससे अंतिम संस्कार जैसी आवश्यक प्रक्रिया भी प्रभावित होती है.अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंचे ढोलखेड़ी के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव के मुक्तिधाम तक पहुंचने वाला मार्ग भी जर्जर स्थिति में है.वर्षों से इस समस्या के समाधान की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है.



### खेतों में आग लगने का भी बना रहता है खतरा

ग्रामीणों ने एक अन्य गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि मुक्तिधाम के आसपास किसानों की फसलें और खेत स्थित हैं. गर्मी के मौसम में अंतिम संस्कार के दौरान उठने वाली चिंगारियों से खेतों में आग लगने की आशंका बनी रहती है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है. ढोलखेड़ी के किसान घनश्याम दुबे ने कहा कि अंतिम क्रिया में शामिल होने के लिए दूर-दराज से रिश्तेदार और परिचित पहुंचते हैं. ऐसे में मुक्तिधाम का वातावरण व्यवस्थित एवं सुंदर होने के साथ-साथ वहां तक पहुंचने का मार्ग भी सुगम होना चाहिए.

### शासकीय रास्ता नहीं होने से आ रही दिक्कत -सरपंच प्रतिनिधि

ग्राम पंचायत ढोलखेड़ी के सरपंच प्रतिनिधि श्यामवीर सिंह ने बताया कि शासकीय रास्ता उपलब्ध नहीं होने के कारण पंचायत के कई गांवों में यह समस्या बनी हुई है। इमलिया में भी इसी तरह की स्थिति है.उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन के माध्यम से मार्ग उपलब्ध कराने का अनुरोध किया जाएगा, ताकि मुक्तिधाम तक पहुंच मार्ग का निर्माण और उसका सौंदर्यीकरण कराया जा सके. इस संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री को भी पत्र भेजा जाएगा.

### 16वें वित्त आयोग की राशि से होंगे कार्य -जनपद अध्यक्ष

जनपद अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी ने कहा कि जिले के अनेक गांवों में मुक्तिधाम तक पहुंच मार्ग की समस्या है. कई स्थानों पर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण भी एक बड़ी बाधा है.उन्होंने बताया कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल ने सभी ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम तक पहुंच मार्ग, तार फेंसिंग और अन्य व्यवस्थाएं विकसित करने की घोषणा की है। 16वें वित्त आयोग की राशि प्राप्त होने के बाद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के मुक्तिधामों में पहुंच मार्ग निर्माण और सौंदर्यीकरण के कार्य कराए जाने की संभावना है.



### प्रशासन से की पक्के मार्ग और सुविधाओं की मांग

ग्रामीणों ने प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि मुक्तिधाम तक पक्का और सुरक्षित पहुंच मार्ग बनाया जाए तथा वहां आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएं. उनका कहना है कि अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील व्यवस्था के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन और प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है.

### 2 जून को होगा अस्थि संचय एवं विसर्जन कार्यक्रम



कान्यकुब्ज समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं ग्राम नाग पिपरिया के वरिष्ठ कृषक अधिवक्ता रामस्वरूप शर्मा ने बताया कि स्वर्गीय मनोहर लाल तिवारी की अंतिम क्रिया के उपरांत अस्थि संचय कार्यक्रम 2 जून, मंगलवार को आयोजित किया गया है.उन्होंने बताया कि प्रात: 8 बजे ग्राम स्थित मुक्तिधाम में अस्थि संचय किया जाएगा. इसके पश्चात सुबह 9 बजे वैत्रवती तट स्थित चरण तीर्थ धाम पर अस्थि विसर्जन कार्यक्रम संपन्न होगा, जिसमें परिजन, समाजजन एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहेंगे.

### जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने उठाया मुद्दा

इस संबंध में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी ने बताया कि जिले के सभी ग्रामीण क्षेत्रों के मुक्तिधामों के उन्नयन, सौंदर्यीकरण एवं पहुंच मार्गों के निर्माण के लिए लगभग 45 करोड़ रुपये की योजना तैयार की गई थी.उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा जारी मिनिट्स में भी शामिल किया गया था.इस संबंध में मुख्यमंत्री को तीन बार पत्र लिखकर अवगत कराया जा चुका है तथा क्षेत्र के सांसद को भी स्थिति से अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक योजना पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है.उन्होंने कहा कि यदि इस योजना को शीघ्र अमल में लाया जाए तो जिले के सैकड़ों मुक्तिधामों की स्थिति में सुधार हो सकता है और ग्रामीणों को अंतिम संस्कार जैसे संवेदनशील कार्यों के दौरान होने वाली परेशानियों से राहत मिल सकती है.

# घुमंतू मातृशक्ति सम्मेलन में गूंजी समस्याओं की आवाज

- शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, रोजगार और शासकीय योजनाओं तक पहुंच के मुद्दे प्रमुखता से उठे
- महिलाओं ने रखा जागरूक और संगठित समाज का संकल्प




नवभारत न्यूज

**विदिशा 31 मई, जालोरी गार्डन, सिविल लाइन में आयोजित घुमंतू, विमुक्त एवं अर्धघुमंतू समाज की मातृशक्तियों एवं किशोरियों के सम्मेलन में समाज की महिलाओं ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, रोजगार, दस्तावेजों की कमी, शासकीय योजनाओं की पहुंच और बच्चों के भविष्य से जुड़ी समस्याओं को खुलकर रखा. सम्मेलन संवाद, प्रश्नोत्तरी और समाधान केंद्रित चर्चा का मंच बनकर उभरा, जहां महिलाओं ने अपनी समस्याएं साझा कीं और विशेषज्ञों ने उनके समाधान की दिशा में मार्गदर्शन दिया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरेलाल वारचे ने कहा कि घुमंतू समाज के विकास का सबसे मजबूत आधार शिक्षा, संगठन और स्वावलंबन है. उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचना चाहिए तथा प्रत्येक परिवार को मुख्यधारा से जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है.मध्यभारत प्रांत की मातृशक्ति प्रमुख रितु उदयवाल ने कहा कि समाज की समस्याएं वास्तविक हैं, लेकिन निरंतर प्रयास, संगठन और सकारात्मक सोच के माध्यम से उनका समाधान संभव है. उन्होंने महिलाओं से बच्चों की शिक्षा, नशामुक्ति, स्वच्छता और सरकारी योजनाओं से जुड़ने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया.कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने विभागीय योजनाओं, पोषण, मातृ स्वास्थ्य, किशोरी विकास और बाल संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों की जानकारी दी. वहीं सामाजिक कार्यकर्ता रीना कुचबुंदिया ने कहा कि समाज की वास्तविक समस्याओं को सामने लाना ही समाधान की दिशा में पहला कदम है.

### दस्तावेजों की कमी और पेयजल संकट बने प्रमुख मुद्दे

सम्मेलन के दौरान महिलाओं ने बताया कि आज भी अनेक परिवार आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेजों से वंचित हैं, जिसके कारण उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है. महिलाओं ने पेयजल संकट, बच्चों की अधूरी शिक्षा, रोजगार के सीमित अवसर और स्वास्थ्य सेवाओं की कमी जैसे मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाया.

## पेड़ से टकराई बाइक, एक युवक की मौत, दो घायल

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** विदिशा-अशोकनगर मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए.जानकारी के अनुसार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई. हादसे में पप्पू पिता गुड्डा वंशकार ( 32 वर्ष) निवासी ग्राम नटेरन की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं राजा पिता अमान सिंह पाल ( 18 वर्ष) और नीलू पिता अरविंद अहिरवार ( 18 वर्ष) घायल हो गए. घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है.



## नागरिक सहकारी बैंक विदिशा की 24वीं वार्षिक आमसभा संपन्न

नवभारत न्यूज

**विदिशा. नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित विदिशा की 24वीं वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 31 मई को संपन्न हुआ. कार्यक्रम का शुभारंभ बैंक अध्यक्ष अवधेश महेंद्र यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया.**

सभा में अध्यक्ष ने बैंक की उपलब्धियों और वित्तीय प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि ग्राहकों को एटीएम, पीओएस, मोबाइल एप, एसएमएस अलर्ट, आरटीजीएस, एनईएफटी, यूपीआई, आईएमपीएस और डीबीटी जैसी आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं. बैंक की कुल जमा राशि 56.23 करोड़ रुपये तथा ऋण वितरण 37.47 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. वित्तीय वर्ष में आयकर भुगतान के बाद बैंक को 16.72 लाख रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ है.मुख्य महाप्रबंधक जितेंद्र जैन ने विभिन्न विषयों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसे सभा ने सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की. इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया. कार्यक्रम का संचालन वैभव जैन ने किया तथा अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी देवेंद्र राव भोसले ने आभार व्यक्त किया.

## अतिथि शिक्षकों की समस्याओं पर हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** अतिथि शिक्षक संघर्ष समिति जिला विदिशा की बैठक जटाशंकर मंदिर पर जिलाध्यक्ष राकेश कुशवाह की मौजूदगी में संपन्न हुई. जिसमें अतिथि शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई. बैठक में उपस्थित अतिथि शिक्षकों ने अपने विचार रखें. बैठक में आगामी 8 जून को विदिशा जिले में कलेक्टर को अतिथि शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन देने का निर्णय किया गया. जिसमें विदिशा जिले के सभी अतिथि शिक्षक बड़ी संख्या में एकत्रित होकर 15 जून से स्कूलों में रखने और गुरुजी की तर्ज पर नियमित करने आदि की प्रमुख मांग रखेंगे. बैठक में संजीव शर्मा, विपिन विश्वकर्मा, लखन सेन, रामदयाल अहिरवार, भूरा कुशवाह, अभिषेक शर्मा, कल्लू कुशवाह, मयंक शर्मा, नासिर खान आदि अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे.

# योजनाओं की हकीकत जानने आए शिवराज

### कैंसर के मरीजों को विदिशा मे ही मिलेगा इलाज



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** रविवार को केंद्रीय मत्री शिवराज विदिशा पहुंचे जहां सबसे पहले बड़ा बाजार स्थित हुए कार्यक्रम में शिवराज सिंह चौहान ने पीएम बेंडर योजना के तहत जिन हितग्राहियों को लाभ मिला उनसे चर्चा की इस दौरान उन्होंने कहा कि पीएम बेंडर योजना ने कई लोगों की जिंदगी को बदल दिया है.कई बेरोजगारों को इस योजना का फायदा मिला है.इसकी हकीकत जानने के लिए आया हूं. पहले छोटे छोटे रोजगार शुरू करने के लिए ब्याज पर पैसा लेना पड़ता था और पूरी कमाई ब्याज में ही चला जाता था. लेकिन इस योजना के जरिए कई लोगों को रोजगार मिल गया है और जो हितग्राही रह गए हैं उनको भी इस योजना का लाभ दिया जाएगा. वहीं केंसर के मरीजों को लिए विदिशा में ही इलाज के इंतजाम किए जा रहे हैं. पहले जहां मुंबई के टाटा मेमोरियाल अस्पताल में इलाज कराने के लिए जाना पड़ता था.जिसके चलते कई परेशानियों का सामना करना पड़ता था. अब विदिशा के मेडिकल कालेज में ही स्क्रीनिंग की व्यवस्था की जा रही है. जिसकी एक यूनिट विदिशा में शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है. जिससे विदिशा समेत आसपास के जिलों के मरीजों को भी केंसर के मरीजों को इलाज मिल सकेगा. जांच के लिए 6 और 7 जून को शिविर लगाया जाएगा.उन्होंने कहा कि केंसर खतरनाक बीमारी है लेकिन सही समय पर इलाज मिलने से मरीज ठीक हो सकता है. इस दौरान कई लोगों ने मिलकर अपनी परेशानी से संबंधित ज्ञापन दिया और मौखिक तौर पर अपनी परेशानी बताई. यहां पर उन्होंने खुद गन्ने का जूस निकाला.

## जतरापुरा में 70 हितग्राहियों का हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकों ने दीं स्वास्थ्य सेवाएं

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टर के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं जिला क्षयरोग संघ विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में जतरापुरा स्थित सफल शिक्षा सेवा समिति भवन में बाल भिक्षावृत्ति, कचरा-पन्नी बीनने वाले तथा अन्य जोखिमग्रस्त बच्चों एवं उनके परिवारों के लिए विशेष नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया.शिविर का उद्देश्य समाज के वंचित एवं जोखिमग्रस्त वर्ग के बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य और संरक्षण को सुनिश्चित करना था.

शिविर में कुल 70 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिनमें 50 बच्चे एवं 20 वयस्क शामिल रहे. चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण के साथ आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया. शिविर में वरिष्ठ शल्य चिकित्सक डॉ. राजीव जैन ने सर्जिकल परामर्श, डॉ. सुरेंद्र सोनकर ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, डॉ. महेंद्र सिंह रघुवंशी ने श्वसन एवं फेफड़ों संबंधी रोगों की जांच, डॉ. सचिन गर्ग ने अस्थि एवं जोड़ रोगों का परीक्षण तथा डॉ. रूपिका गर्ग ने महिला स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया.

## मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत सफल शिक्षा सेवा समिति एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, विदिशा के संयुक्त तत्वावधान में जतरापुरा स्थित समिति केंद्र पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का उद्देश्य बच्चों एवं महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना तथा उनके स्वास्थ्य एवं मानसिक विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा.कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला परियोजना अधिकारी विनीता लोढ़ा, सहायक संचालक विवेक शर्मा, अनुज जैन, संतोष रघुवंशी एवं महेंद्र धाकड़ उपस्थित रहे.शिविर में बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए डॉ. सचिन गर्ग, डॉ. रुपिका गर्ग, डॉ. सुरेंद्र सोनकर, डॉ. महेंद्र रघुवंशी, डॉ. श्रेयांश पीतलिया, डॉ. राजीव जैन एवं डॉ. रक्षा पीतलिया ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं.जिला परियोजना अधिकारी विनीता लोढ़ा एवं डॉ. सचिन गर्ग ने अपने संबोधन में बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और मानसिक विकास के महत्व पर प्रकाश डाला.

## ताईक्कांडो चयन ट्रायल संपन्न, राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश टीम घोषित



नवभारत न्यूज

**विदिशा. स्थानीय खेल विभाग के मल्टीपरपज हॉल में ताइक्कांडो कल्याण संघ विदिशा द्वारा मध्य प्रदेश सीनियर ताइक्कांडो चयन ट्रायल का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी राकेश शर्मा, संघ के सचिव पंकज भार्गव, प्रतियोगिता अध्यक्ष कपिल वलेचा एवं युवा नेता प्रशांत शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया.**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि राकेश शर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि चयन प्रक्रिया में सफल खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे. उन्होंने चयन से वंचित खिलाड़ियों को भी निरंतर मेहनत करते रहने की प्रेरणा दी.प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर मणिपुर में आयोजित होने वाली इंडियन ताइक्कांडो की 5वीं सीनियर नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप के लिए मध्य प्रदेश की टीम घोषित की गई.महिला वर्ग में डोली मालवीय (अंडर-46 किग्रा), मानसी कोरी (अंडर-49 किग्रा), मोनिका बारेठा (अंडर-53 किग्रा), पूर्वी आर्य (अंडर-57 किग्रा), शिवानी मालवीय (अंडर-62 किग्रा) तथा राशि सोलंकी (अंडर-67 किग्रा) का चयन किया गया.पुरुष वर्ग में शिव द्विवेदी (अंडर-54 किग्रा), अंशु दंडोतिया (अंडर-58 किग्रा), आदित्य प्रजापति (अंडर-63 किग्रा), गौरव सिकरवार (अंडर-68 किग्रा), हिम्मत सिंह (अंडर-74 किग्रा), शरद भारद्वाज (अंडर-80 किग्रा), दीपेश पांडे (अंडर-87 किग्रा) तथा मनजीत राठौर (ओवर-87 किग्रा) का चयन हुआ है.राष्ट्रीय प्रतियोगिता की पूमसे स्पर्धा के लिए भी मध्य प्रदेश के खिलाड़ियों का चयन किया गया है. इसमें अंडर-30 आयु वर्ग में अशोक रसूल तथा अंडर-40 आयु वर्ग में सरणिक धरा प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे.संघ के सचिव पंकज भार्गव ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने और एशियाई खेलों तक पहुंचने का अवसर प्राप्त हो सकता है.प्रतियोगिता का सफल संचालन रविकांत नामदेव ने किया. चयन ट्रायल को निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय बनाने में एकलव्य एवं विक्रम अवॉर्डी अतुल जाट ने तकनीकी अधिकारी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.कार्यक्रम में अमित जाट, विराट माझी, मोहित, शिव सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे. सभी ने चयनित खिलाड़ियों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मध्य प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं.

# अध्यक्ष के वार्ड में जल संकट, दो दिन से सूखे नल

- वार्ड 34, 35 और 36 में पेयजल आपूर्ति ठप, हजारों रहवासी परेशान
- नगर पालिका ने बिजली बाधित होने को बताया कारण

नवभारत न्यूज

**विदिशा 31 मई,** भीषण गर्मी के बीच शहर के वार्ड क्रमांक 34, 35 और 36 में पिछले दो दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित होने से हजारों नागरिकों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. स्थिति यह है कि घरों के नलों से पानी की जगह केवल हवा निकल रही है, जिससे लोगों के दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं. खास बात यह है कि वार्ड क्रमांक 36 नगर पालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा का वार्ड बताया जा रहा है, जिसके चलते रहवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है.स्थानीय लोगों के अनुसार लगातार दो दिन से पानी नहीं मिलने के कारण पीने के पानी से लेकर घरेलू उपयोग तक की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है. कई परिवारों को दूरस्थ स्थानों से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. नागरिकों का आरोप है कि समस्या के बावजूद जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी क्षेत्र का जायजा लेने नहीं पहुंचे.

### रहवासियों ने जताई नाराजगी

स्थानीय निवासी शोभाग सिंह किरार ने बताया कि दो दिनों से जलापूर्ति पूरी तरह बंद है. नल खोलने पर केवल हवा निकलती है और अब तक समस्या के समाधान के लिए कोई प्रभावी कदम नजर नहीं आया है.वहीं हरि सिंह किरार ने कहा कि पानी की कमी के कारण परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. घरों में एक बूंद पानी तक उपलब्ध नहीं है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो गया है.

### नगर पालिका ने बताई यह वजह

नगर पालिका कर्मचारियों के अनुसार जलशोधन संयंत्र क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण पानी की टंकियां समय पर नहीं भर सकीं. इसी वजह से वार्ड 34, 35 और 36 में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई है. कर्मचारियों का कहना है कि बिजली व्यवस्था सामान्य होते ही जलापूर्ति बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं.

### लोगों ने उठाए कई सवाल

जल संकट से जूझ रहे नागरिकों ने प्रशासन के सामने कई सवाल खड़े किए हैं.दो दिनों से बंद जलापूर्ति की पूर्व सूचना क्यों नहीं दी गई? वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था समय रहते क्यों नहीं की गई? अध्यक्ष के वार्ड में संकट होने के बावजूद त्वरित समाधान क्यों नहीं हुआ?गर्मी के मौसम में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए क्या स्थायी योजना है? जलापूर्ति बहाल होने का इंतजार. रहवासियों का कहना है कि जब नगर पालिका अध्यक्ष के अपने वार्ड में ही जल संकट की स्थिति बनी हुई है, तो शहर के अन्य क्षेत्रों की हालत का सहज अनुमान लगाया जा सकता है. नागरिकों ने शीघ्र जलापूर्ति बहाल करने और समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है.

**संगोष्ठी** | विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आईएमए और आईएपी की संगोष्ठी, तंबाकू से होने वाली बीमारियों पर जताई चिंता

# जर्दा-तंबाकू के भ्रामक विज्ञापनों का पर्दाफाश करें, कैंसर नहीं जिंदगी चुनें-जैन

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर इंटीग्रेटेड एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के संयुक्त तत्वावधान में होटल बापू की कुटिया में संगोष्ठी का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में चिकित्सकों ने तंबाकू, जर्दा, गुटखा, बीड़ी और सिगरेट के सेवन से होने वाले गंभीर दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए लोगों से नशामुक्त जीवन अपनाने का आह्वान किया.



आईएमए के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सीआईएपी बोर्ड सदस्य डॉ. एम.के. जैन ने कहा कि तंबाकू उत्पादों के आकर्षक और भ्रामक विज्ञापनों का पर्दाफाश करना समय की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि तंबाकू से कोई लाभ नहीं होता, बल्कि मुंह, गले, फेफड़ों, पेट सहित विभिन्न प्रकार के कैंसर, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, टीबी और श्वसन संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. उन्होंने जिंदगी चुनें, कैंसर नहीं का संदेश दिया.डॉ. जैन ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भारत में तंबाकू जनित बीमारियों के कारण प्रतिवर्ष लगभग 13 लाख लोगों की असामयिक मृत्यु होती है. वहीं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नवीन शर्मा ने किशोरों में बढ़ती तंबाकू की लत पर चिंता जताते हुए जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता बताई.डॉ. अनिल जैन ने तंबाकू नियंत्रण कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया. डॉ. दिनेश जैन, डॉ. अमित गुप्ता और डॉ. आशीष जैन ने युवाओं से तंबाकू एवं धूम्रपान से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाने की अपील की. संगोष्ठी में तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण और व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया गया.

